पत्र संख्या–6 एस०एस०(6)11/2012–5558/

बिहार सराकर

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

कुमार रवीन्द्र, बि०प्र०से०,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

प्रधान महालेखाकार (ले० एवं हक०),
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

*अनौपचारिक रूप से परामर्शित

द्वारा :– *आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2026–27 में विकास भवन के तृतीय तल पर स्थित अपर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष एवं कोषांग (कमरा संख्या–335) के जीर्णोद्धार हेतु कुल रुपये 24,19,103/– (चौबीस लाख उन्नीस हजार एक सौ तीन) मात्र की अनुमानित लागत व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2026–27 में विकास भवन के तृतीय तल पर स्थित अपर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष एवं कोषांग (कमरा संख्या–335) के जीर्णोद्धार हेतु कुल रुपये 24,19,103/– (चौबीस लाख उन्नीस हजार एक सौ तीन) मात्र की अनुमानित लागत व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है। योजना का विस्तृत व्यय विवरणी संलग्न।

2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य नया सचिवालय, विकास भवन के तृतीय तल पर स्थित अपर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष एवं कोषांग (कमरा संख्या–335) का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण कर कार्यालयीन कार्यों के सुचारू निष्पादन हेतु उपयुक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। उक्त कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या–01, भवन निर्माण विभाग, मैंगल्स रोड, पटना द्वारा रुपये 26,79,800/– (छब्बीस लाख उनासी हजार आठ सौ) मात्र का तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया था। उक्त प्राक्कलन की जाँच हेतु एक समिति गठित की गयी थी। समिति द्वारा प्राक्कलन की जाँचोपरान्त उक्त राशि में से रुपये 2,60,697/– (दो लाख साठ हजार छः सौ संतानवे) मात्र की कटौती कर अपर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष एवं कोषांग (कमरा संख्या–335) के जीर्णोद्धार हेतु कुल रुपये 24,19,103/– (चौबीस लाख उन्नीस हजार एक सौ तीन) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गयी।

1 Typed by Sanjay Kumar

3. वित्तीय वर्ष 2026–27 में इस योजना अन्तर्गत व्यय का विकलन मुख्य शीर्ष–4059 –लोक निर्माण कार्य पर पूँजिगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–01 –कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–051 –निर्माण, माँग संख्या–03, उप शीर्ष–0105 –पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के लिए भवनों का निर्माण, विपत्र कोड 03–4059010510105 के तहत विषय शीर्ष–0105.53.01 –मुख्य निर्माण कार्य में उपबंधित राशि/पुनर्विनियोग/अनुपूरक आगणन के माध्यम से राशि प्राप्त कर व्यय किया जायेगा।

4. इस योजना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सचिव/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा भवन निर्माण विभाग के स्तर पर नामित पदाधिकारी होंगे। सचिव/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना इसके सर्वोच्च निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। इस राशि की निकासी कर संबंधित कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या–01, भवन निर्माण विभाग, मैंगल्स रोड, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा। राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी। अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना इसके सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

5. वित्त विभागीय संकल्प सं०–12888/वि०, दिनांक–03.12.2024 एवं संकल्प सं०–973/वि०, दिनांक–12.08.2026 में सन्निहित प्रावधान एवं योजना लागत मूल्य के अनुसार सक्षम प्राधिकार के रूप में सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग का प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में स्वीकृति प्राप्त है। संचिका संख्या–6 एस०एस० (6)11/2012 के पृष्ठ–189/टि० एवं दिनांक–10.10.2026.

6. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। संचिका संख्या–6 एस०एस०(6)11/2012 के पृष्ठ–189/टि० तथा डायरी संख्या–703, दिनांक–09.10.2026.

7. वित्त विभागीय पत्रांक–7355, दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन,

13/10

(कुमार रवीन्द्र)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012–5558 /पटना–15, दिनांक–14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित वित्त विभाग (योजना शाखा/बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012– 5558 /पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012– 5558 /पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित सचिव/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012– 5558 /पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012– 5558 /पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना/कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या–01, भवन निर्माण विभाग, मैंगल्स रोड, पटना/अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता, डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पशुपालन निदेशालय के बजट शाखा/योजना शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012– 5558 /पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)11/2012– 5558 /पटना–15, दिनांक– 14/10/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित विभागीय आई०टी० मैनेजर, विभागीय कम्प्यूटर कोषांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

व्यय विवरणी

वित्तीय वर्ष 2026–27 में विकास भवन के तृतीय तल पर स्थित अपर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय कक्ष एवं कोषांग (कमरा संख्या–335) के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण करने पर होने वाले संभावित व्यय विवरणी :–

विपत्र कोड 03–4059010510105.

(राशि रुपये में)

क्र० सं०	विषय शीर्ष	स्वीकृत राशि	निकासी एव व्ययन पदाधिकारी का पदनाम	कोषागार का नाम
1	*2*	*3*	*4*	*5*
1.	0105.53.01 –मुख्य निर्माण कार्य	24,19,103/–	प्रधान सचिव/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना अथवा इनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।	सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना।
	योग :–	**24,19,103/–**		

कुल राशि (चौबीस लाख उन्नीस हजार एक सौ तीन रुपये) मात्र।

13/10

सरकार के संयुक्त सचिव

4 Typed by Sanjay Kumar